**महत्वपूर्ण/समयबद्ध**

पत्र संख्या वि0व0संग्रह–मासिक समीक्षा बैठक/जनपदीय/(2018–19)/ 972 /वाणिज्य कर,
प्रेषक,

कमिश्नर, वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ

सेवा में,

**समस्त डिप्टी कमिश्नर (कर वसूली)**
**वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।**

(संग्रह अनुभाग) लखनऊ : दिनांक : 17 दिसम्बर, 2018

महोदय,

वित्तीय वर्ष 2018–19 में बकाया वसूली की प्रगति की समीक्षा मुख्यालय पर करने हेतु दिनांक **20.12.2018 को बकाया वसूली की समीक्षा बैठक** आयोजित है। बैठक में समस्त में **समस्त डिप्टी कमिश्नर (क0व0) वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश** को निर्धारित तिथि एवं समय पर समस्त सूचनाओं सहित बकाया वसूली की समीक्षा हेतु उपस्थित होने के निर्देश प्राप्त हुए हैं।

अतः समस्त डिप्टी कमिश्नर (क0नि0/क0व0 निम्न बिन्दुओं पर सूचना/कार्यवाही की स्थिति (माह नवम्बर, 2018 तक की) **दिनांक 18.12.2018 तक** प्रत्येक दशा में संग्रह अनुभाग, मुख्यालय, लखनऊ को निर्धारित प्रारूप/माड्यूल में उपलब्ध कराने का कष्ट करें :–

01– बकाया वसूली प्रमाण पत्रों की सही संख्या तथा धनराशि की स्थिति।
02– बकाया वसूली के लक्ष्य एवं गत वर्ष के सापेक्ष माह में माह तक वसूली की स्थिति।
03– वसूली हेतु विभागीय संग्रह इकाईयों द्वारा किये गये विशिष्ट प्रयास की स्थिति। प्रारूप –8
04– विभागीय वसूली के जनपदों में बकाया वसूल न होने वाले मामलों में अमीन स्तर से लगायी गयी 11 सूत्रीय रिपोर्ट के मामलों/धनराशि का जनपदवार विवरण।
05– विभागीय वसूली के जनपदों में बकाया वसूल न होने वाले मामलों में 22 सूत्रीय रिपोर्ट लगाये गये मामलों की जनपदवार संख्या/धनराशि
06– सरकारी/अर्द्ध सरकारी विभागों, निगमों से की गयी वसूली की कार्यवाही एवं स्थिति का विवरण संख्या एवं निहित धनराशि सहित।
07– अन्य प्रान्तों एवं जनपदों को प्रेषित वसूली प्रमाण पत्रों की संख्या व धनराशि एवं वसूली की अद्यतन स्थिति।
08– वसूली की धनराशि का कोषागार से सत्यापन की स्थिति तथा जमा में अन्तर का कारण।

भवदीय

**(गुलाब चन्द्र)**
ज्वाइन्ट कमिश्नर (संग्रह) वाणिज्य कर,
मुख्यालय, लखनऊ

**प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

01– समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि बकाया वसूली की समीक्षा हेतु उपर्युक्त विवरण उपलब्ध कराने एवं बैठक में प्रतिभाग करने हेतु कर वसूली अधिकारियों को निर्देशित करने का कष्ट करें।
02– वरिष्ठ स्टाफ अधिकारी प्रथम, कमिश्नर कैम्प कार्यालय को सूचनार्थ।

ज्वाइन्ट कमिश्नर (संग्रह) वाणिज्य कर,
मुख्यालय, लखनऊ